# यूपी देश में खाद्य प्रसंस्करण का हब बनेगा: केशव

**फूड एक्सपो**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** उत्तर प्रदेश को देश का खाद्य प्रसंस्करण का हब बनाना है। देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। उत्पादन, तकनीक, ब्रांडिंग और उपभोक्ताओं के जरिए किसानों की भी आमदनी बढ़ाना है और भारत को दुनिया की एक नंबर की अर्थव्यवस्था बनना है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है। निवेश का बहुत अच्छा माहौल है।

यह बात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को रिगेलिया ग्रीस में लगे तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्स्पो का उद्घाटन करने के बाद सेमिनार को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इंडस्ट्रियल डायरेक्ट्री का विमोचन किया। पीएमएफएमई योजना के कार्यों के लिए डीआरपी, बैंकर्स, उद्यमियों व लाभार्थियों में प्रशस्ति पत्र वितरित किए। पांच उद्यमियों को प्रतीकात्मक चेक दिए।

इस अवसर पर विधायक नीरज बोरा, खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक टीके शीबू आदि रहे।



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को इंडिया फूड एक्स्पो का उद्घाटन किया।

## 14 से 25 हजार रुपये में शुरू कर सकते हैं स्वरोजगार

इंडिया फूड एक्स्पो में न केवल आर्गेनिक उत्पादों की विभिन्न किस्में मौजूद हैं वरन कम पैसों में यदि कोई रोजगार करना चाहे तो मशीनें बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। जिनसे कोई भी 14 से 25 हजार लगा कर स्वरोजार शुरू कर सकता है। डायरी, पेन, मग, टी शर्ट, बैग आदि पर प्रिंटिंग के लिए मात्र 25,000 रुपये में मशीन उपलब्ध है। मशीन का प्रदर्शन करने वाले अमित जायसवाल का कहना है कि कोई भी स्वरोजगार कर सकता है।

## राहुल गांधी और सपा पर साधा निशाना

इंडिया फूड एक्स्पो में पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी जनता के बीच में जाते नहीं हैं। जनता के लिए काम करते नहीं हैं। जब चुनाव हारते हैं तो चुनाव आयोग और भाजपा पर आरोप लगाने लगते हैं। उन्हें बीमारी हैं, कभी कहते हैं कि स्याही खराब है तो कभी कहते हैं कि वोट चोरी हो गया है। जनता के बीच में जाने, जनता के काम से चुनाव जीता जाता है। एसआईआर को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मतदाता शुद्धीकरण सभी राजनीतिक पार्टियों का दायित्व है। सपा के पास कार्यकर्ता नहीं गुण्डे हैं। भाजपा के पास कार्यकर्ता हैं। जिनके पास गुण्डे हैं वह थोड़े न मतदाता सूची के शुद्धीकरण में लगेगा। भाजपा के कार्यकर्ता लगे हैं।